हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

06 दुकानों में बिना जांच के ही बिक रही कीटनाशक...



07 माइक्रो इरीगेशन में बेहतर कार्य करने वाली...





## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ

**सीहोर।** सीहोर जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में जेएनवीएसटी 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। प्रवेश के लिए पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है। इच्छुक और पात्र विद्यार्थी बेवसाईट www navodaya.gov in अथवा http://cbseitms.rcil.gov.in/nvs पर आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन के लिए विद्यार्थी की जन्म तारीख 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए तथा किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय से तीसरी एवं चौथी कक्षा उत्तीर्ण की हो एवं वर्तमान सत्र में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत होना चाहिए। इसके साथ ही विद्यार्थी का आधार कार्ड तथा सीहोर जिले का निवासी होना चाहिए।

### भैरुंदा शास. पॉलिटेक्निक कॉलेज में द्वितीय सीएलसी राउंड आज

**सीहोर।** भैरूंदा स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश के लिए द्वितीय सीएलसी राउंड 04 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। प्रवेश के लिए इच्छुक 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार किसी भी ब्रांच में प्रवेश ले सकते हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि सीएलसी के प्रथम चरण के पश्चात रिक्त रह गई सीटों के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग का द्वितीय राउंड 04 जुलाई को प्रातः 11 बजे आयोजित होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8720033264 पर संपर्क किया जा सकता है।

### समग्र आईडी व आधार कार्ड से ईकेवाईसी आवश्यक

**सीहोर।** सभी आमजन को को सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। अगर आप अपनी भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहते और अपने भूखण्ड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहते हो तो आप सभी अपने नजदीकी सीएससी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट एवं मकानो की ईकेवाईसी अवश्य कराएं और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं और होने वाली धोखाधड़ी तथा असुविधा से बच सकते हैं।


### विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक ने बताए फायदे

# विरोध के बाद भी लग गए 13 हजार स्मार्ट मीटर

# 53 हजार लगना शेष, 67 हजार 51 का लक्ष्य

उप महाप्रबंधक के अनुसार कंपनी द्वारा जिले के ग्राम निपानिया में 331 घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए, जिनमें से 31 चेक मीटर भी शामिल हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर सहित विधानसभा क्षेत्र में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम जारी है। स्मार्ट मीटरों को शहर सहित अंचल के बिजली उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है। दो दिन पहले ही नजदीकी ग्राम निपानियां सहित अन्य गांवों के ग्रामीणों ने मुख्यालय आकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। बिजली उपभोक्ताओं के विरोध के बावजूद 13 हजार स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं, जबकि अब 53 हजार मीटर लगना शेष बचा है।

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक के अनुसार आरडीएसएस योजना अंतर्गत सीहोर संभाग में लगभग 67 हजार 51 स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमे से लगभग 13 हजार 680 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है एवं शेष मीटर लगाए जा रहे हैं। कंपनी द्वारा कुल स्मार्ट मीटर की संख्या में 05 प्रतिशत स्मार्ट मीटरों में चेक मीटर भी स्थापित किए जाते है ताकि स्मार्ट मीटर की कार्य प्रणाली को चेक किया जा सके।

#### निपानियां में लगाए 31 चेक मीटर

उप महाप्रबंधक के अनुसार कंपनी द्वारा जिले के ग्राम निपानिया में 331 घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए, जिनमें से 31 चेक मीटर भी शामिल हैं। जब ग्राम निपानिया में स्मार्ट मीटर एवं चेक मीटर की जांच की गई तो सभी चेक मीटर एवं स्मार्ट मीटर दर्ज खपत में समानता पायी गयी है। उन्होंने बताया कि ग्राम निपानिया मे स्मार्ट मीटर लगाने से पहले अधिकतर घरों में स्वीकृत विद्युत भार के आधार पर अनुमानित खपत के बिल दिए जा रहे थे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को वास्तविक खपत के बिल दिए गए है। इसके साथ ही वर्तमान में जो बिल दिए जा रहे हैं उनमें शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ भी उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है।

#### 25 पैसे यूनिट की छूट

उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर के कई लाभ है। इससे वर्तमान टैरिफ के अनुसार 25 पैसे यूनिट की छूट है। इसके साथ ही सुरक्षा राशि से भी छूट है। प्रत्येक बिल भुगतान पर 0.5 प्रतिशत की छूट है तथा घरेलू श्रेणी छूट की अधिकतम सीमा नही है। स्मार्ट मीटर से बिजली खपत की जानकारी हर 15 मिनट में मोबाइल पर प्राप्त होती है।

## स्मार्ट मीटर, बिजली कटौती और एवरेज बिल देना तत्काल बंद करें बिजली कंपनी नहीं तो होगा उग्र आंदोलनः पंकज शर्मा

**सीहोर।** गुरुवार को जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर बालागुरु के. को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने सीहोर जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा की जा रही मनमानी एवं अनियमितताओं की ओर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित कराया। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने, मेंटेनेंस के नाम पर की जा रही घोषित सहित अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करने सहित कंपनी द्वारा एवरेज बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को दिए जा रहे भारी भरकम राशि के बिलों पर जिला प्रशासन द्वारा तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में सीहोर जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लोगों के घरों में अनावश्यक रूप से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, साथ ही पुराने मीटर में गड़बड़ी होने तथा जांच के बाद जुर्माने की बात कहकर उपभोक्ताओं को डराया भी जा रहा है। जिले में लगभग 90 फीसदी से भी अधिक पुराने मीटर अभी अच्छी हालत में हैं इसलिए ये बदलाव ना केवल गैरजरूरी है बल्कि सरकारी राशि की फिजूलखर्ची से ज्यादा कुछ भी नहीं है तथा जनता द्वारा इसका काफी विरोध भी देखने में आ रहा है, जिससे किसी बड़े विवाद की स्थिति भी निर्मित हो सकती है इसलिए जिला प्रशासन द्वारा इनको लगाने पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश कंपनी के अधिकारियों को दिया जाए। पंकज शर्मा ने कहा कि इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा सीहोर जिले में मेंटेनेंस के नाम पर की जा रही बेतहाशा घोषित और अघोषित विद्युत कटौती पर तत्काल रोक लगाने के साथ ही कंपनी द्वारा



एवरेज बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को थमाए जा रहे भारी भरकम राशि के बिलों पर भी तुरंत रोक लगाने के निर्देश बिजली कंपनी को देकर आम जनता को राहत प्रदान की जाए। पंकज शर्मा ने अंत में कहा कि यदि जिला प्रशासन ने उनकी मांगों को तत्काल नहीं माना और बिजली कंपनी की मनमानी और अव्यवस्थाओं पर रोक नहीं लगाई गई तो जनहित में कांग्रेस पार्टी द्वारा बड़ा और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी सीहोर जिला प्रशासन और बिजली कंपनी के अधिकारियों के तानाशाह तथा लापरवाहीपूर्ण रवैए की रहेगी।

## टेंट सिटी के रूप में बदला कुबेरेश्वरधाम, शनिवार से आरंभ होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

### प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं को भंडारे में कराया जा रहा निशुल्क भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार से होने वाले भव्य महोत्सव को लेकर कथा स्थल के भव्य परिसर में डोम लगाए जा रहे है। अब तक करीब 10 से अधिक पंडाल लगाए गए है। वहीं प्रशासन और समिति ने वाहनों की पार्किंग आदि की व्यवस्था की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य रूप से छह दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत शनिवार से पांच दिवसीय कथा और उसके पश्चात गुरु पूर्णिमा पर दीक्षा समारोह का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को छत्तीसगढ़ शिव महापुराण से लौटे पंडित श्री मिश्रा ने समिति के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा की और यहां पर आने वाले वाहनों की पार्किंग आदि व्यवस्था का जायजा लिया। कुबेरेश्वर धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस महोत्सव में 5 जुलाई से 9 जुलाई तक कथा होगी और 10 जुलाई को गुरु दीक्षा महोत्सव मनाया जाएगा। इस महोत्सव में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं कथा का श्रवण करेंगें और इसके अलावा महोत्सव का सीधा प्रसारण सोशल मीडिया और अन्य माध्यम से आन लाइन किया जाएगा। इसके लिए धाम में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी भोजनशालाओं में से एक आधुनिक भोजन शाला के पास यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंडाल लगया जा रहा है। यहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में



श्रद्धालु निशुल्क रूप से प्रसादी ग्रहण करते है। इसके अलावा कथा का श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी वाटर प्रूफ पंडाल आदि का निर्माण किया जा रहा है। इधर कलेक्टर ने भी ग्राम चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वर धाम पर आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं कथा की तैयारियों के संबंध सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले ही सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, भोजनशाला, पंडाल, आगमन, निर्गमन, बिजली व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्षाकाल के दौरान सभी अधिकारी सतर्क रहें और अपने अनुभाग एवं जनपदों में सतत संपर्क बनाए रखें। कहीं भी अतिवर्षा य जलभराव की सूचना मिलने पर तत्काल राहत एवं बचाव की कार्यवाही करें। इधर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, विनय मिश्रा ने गुरुवार को यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया।

### 5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है।

कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं। कंपनी ने बताया कि इसके लिए ग्रामीणजन नवीन कनेक्शन के लिए आवेदन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं।

## मां को दिलाई घर की चाबी और 20 हजार रुपए अब हर माह बेटे को देने होंगे 1 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रत्येक व्यक्ति के लिए दुनिया में एक मां ही होती है जो हमेशा यह सोचती है कि उसके बच्चे जीवन में बड़ी से बड़ी सफलता हासिल करें और इतने काबिल बनें कि पूरी दुनिया उनके सामने झुके, लेकिन वही बच्चे अगर बड़े होकर अपने माता-पिता के लिए अपनत्व की भावना को भूल जाएं तो मां-बाप के लिए इससे बड़ा कोई आघात नही होता। सीहोर एसडीएम कोर्ट में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसमें संवेदनशीलता बरतते हुए एसडीएम ने मां के आत्मसम्मान के लिए उन्हें हर महीने भरण पोषण के लिए एक हजार रुपए देने के आदेश बेटे को दिए हैं। बता दें कि दीक्षित कॉलोनी



निवासी बुजुर्ग सावित्री बाई विश्वकर्मा के पति की मृत्यु के बाद उनके बेटे घनश्याम ने भी उनकी देखरेख करने से मना कर दिया और उन्हें अपने घर से निकाल दिया। घनश्याम में घर में ताला लगाकर चाबी खुद के पास रख ली और बुजुर्ग मां को दर-दर भटकने के लिए छोड़ दिया। ऐसे में सावित्री बाई ने हार नहीं मानी और वे अपने अधिकार और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए सीहोर के एसडीएम कोर्ट पहुंची। यहां उन्होंने एसडीएम तन्मय वर्मा से माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम के तहत न्याय दिलाने की गुहार लगाई। एसडीएम वर्मा ने उनकी पीड़ा को सुना, समझा और मामले के निराकरण के लिए घनश्याम को कोर्ट बुलाया। अंत में एसडीएम ने घनश्याम से बंद मकान की चाबी उसकी मां सावित्री बाई को दिलवाते हुए बीस हजार रुपए भी दिलवाए। साथ ही घनश्याम को निर्देश दिए कि वह हर महीने एक हजार रुपए अपनी मां को उनके जीवन निर्वाह के लिए देगा। एसडीएम ने सावित्री बाई को सिलाई मशीन भी दिलाई, ताकि वे अपना जीवन निर्वाह कर सकें।

### श्मशान घाट की जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद

**सीहोर।** उलझावन गांव में श्मशान की जमीन को लेकर गोस्वामी और खाती समाज के बीच विवाद हो गया। गुरुवार को इसका वीडियो भी सामने आया है। मामला लगभग 2 एकड़ श्मशान भूमि का है। इसमें से 25 डेसिमल जमीन पर समाधि स्थल है। गोस्वामी समाज का दावा है कि वे पिछले 25-30 सालों से इस जमीन का उपयोग कर रहे हैं। वहीं खाती समाज भी इस जमीन पर अपना अधिकार बता रहा है।




**पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच झड़पः** प्रशासन और पुलिस बल द्वारा कब्जा हटाने की कार्रवाई के दौरान दोनों समाजों के लोग वहां एकत्रित हो गए। पटवारी और पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच झड़प की स्थिति बनी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। अभी तक ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि विवादित जमीन किस समाज की है। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

### अभी तक किया जा चुका है 7189 हितग्राहियों को लाभान्वित

# धरती आबा अभियान के तहत शिविर लगाकर किया गया 561 हितग्राहियों को लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य से जिले में 15 जून से 15 जुलाई तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सीहोर जिले के चिन्हित 80 गांवों में अब 15 जुलाई तक दिनांकवार शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत ग्रामों में ग्राम सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत 02 जुलाई को चिन्हित गांवों में शिविर लगाकर 561 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अभियान के तहत जिले के चिन्हित गांवों में लगाए जा रहे शिविरों



में अभी तक 7189 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने इस अभियान के तहत चिन्हित किए गए सीहोर जिले के 80 गांवों के जनजातीय समुदाय के नागरिकों से अभियान के तहत दिनांकवार लगने वाले शिविरों में उपस्थित होने और योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही शिविरों में उपस्थित हों और पात्रतानुसार शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लें, ताकि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों का भी निरंतर विकास हो सके और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। शिविरों में हितग्राहियों का आयुष्मान भारत योजना, केसीसी योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृवंदना योजना, बाल आर्शीवाद योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण एवं बोनस योजना, एकलव्य योजना, दिव्यांग पेंशन प्रोत्साहन योजना, कल्याणी पेंशन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना, पीएम सूर्यघर योजना, घरेलू कनेक्शन सब्सीडी योजना, पांच रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन योजना, पीएम आवास योजना सहित अनेक योजनाओं के लिए पंजीयन किया जा रहा है और इन योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके साथ ही अभियान के तहत सभी पात्र हितग्राहियों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी, जाति प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रोफाइल पंजीयन एवं बैंक खाता खोलना सहित अनेक सेवाओं के लिए पंजीयन भी किया जा रहा है।

# हरियाली महोत्सवः पुलिस ने पौधरोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में एक से सात जुलाई तक चलाए जा रहे हरियाली महोत्सव पौधरोपण सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को पुलिस लाइन में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला सहित अन्य पुलिस अफसर ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। पुलिस लाइन में डीबीसीपीएल (देवास भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड) की सहभागिता से लगभग 350 फलदार और छायादार पौधे रोपे गए। इनमें आम, अमरूद, शीशम, नीम, आंवला, जामुन, बेलपत्री, गुलमोहर, शमी और महुआ जैसे विभिन्न प्रकार के पौधे शामिल थे।

### अधिकारियों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

पोधरोपण अभियान में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, नगर पुलिस अधीक्षक प्रवीण चढ़ोकर, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविन्द्र यादव, थाना प्रभारी मंडी निरीक्षक माया सिंह, प्रभारी यातायात सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ ने भागीदारी की। डीबीसीपीएल से टोल प्लाजा मैनेजर राजीव मिश्रा और सीएसआर मैनेजर उमाशंकर पांडेय भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने किया पेट्रोप पंपों का औचक निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद सिंह राजावत तथा खाद्य विभाग एवं नापतोल निरीक्षक के संयुक्त दल द्वारा सीहोर बस स्टैंड स्तिथ पटेल पेट्रोल पंप तथा इछावर क्षेत्र स्थित चतुर्भुज पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंपों पर डीजल एवं पेट्रोल मे पानी की मिलावट, डेंसिटी, स्टॉक, प्रदाय किये जाने वाले मात्रा और गुणवत्ता की जांच की गई। इसके साथ ही पेट्रोल पंप पर उपलब्ध सुविधाओं की भी जांच की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा डीजल पेट्रोल में मिलावट को रोकने और उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए के लिए सतत निरीक्षण और मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 8 को लगेगा महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोजगार मेला


**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 8 जुलाई 2025 को सीहोर स्थित शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की एनआईआईटी (एचडीएफसी, एक्सिस बैंक) क्विज क्रॉप, शिव शक्ति एग्रीटेक, पुखराज हेल्थ केयर, श्रीराम फाइनेंस, एसबीआई लाइफ रिलायबल फर्स्ट, एलआईसी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, हंसिनी एंप्लॉयमेंट सर्विस आदि कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मेकेनिक कम्प्यूटर ऑपरेटर, सुपरवाईजर सेल्स एग्जीक्यूटिव, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर, टेनी. क्वालिटी प्रोडक्शन, बीमा अभिकर्ता फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर के 1750 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। रोजगार मेले में आईटीआई विभाग द्वारा युवाओं को अप्रेन्टिसशिप के लिए चयन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक एवं समय पर रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### महंगे दामों पर बिक रहीं दवाएं, बीज के सैंपल लेने में भी नहीं दिखाई अधिकारियों की रूचि, किसानों ने दिया ज्ञापन

# दुकानों में बिना जांच के ही बिक रही कीटनाशक दवाएं, कृषि महकमा समय पर नहीं लेता सैंपल

पहले खेतों की खरपतबार खत्म करने के लिए मजदूरों से निदाई कराई जाती थी, लेकिन अब यह कार्य दवाओं से होने लगा है, इसके लिए बाजार में कई कंपनियों की महंगी दवाएं उपलब्ध हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



**भैरुंदा।** कोलारी के किसानों ने भैरूंदा कृषि विभाग के अधिकारियों को जांच रिपोर्ट सौंपी।

तहसील में खरीफ फसल की बोवनी होने के बाद किसान नीदानाशक दवाओं का छिडक़ाव करने जुटे हुए हैं। तो वहीं बाजार में मांग बढ़ भी बड गई। कृषि विभाग में दवाएं न मिलने पर अब किसानों को बाजार से ही दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। बाजार में बिक रही दवाओं की जांच भी कृषि विभाग के अधिकारी नहीं कर रहें हैं। जिससे किसानों की फसलों को प्रभावित होने पर भरपाई भी ख़ुद ही भरनी पड़ेंगी।

पहले खेतों की खरपतबार खत्म करने के लिए मजदूरों से निदाई कराई जाती थी, लेकिन अब यह कार्य दवाओं से होने लगा है, इसके लिए बाजार में कई कंपनियों की महंगी दवाएं उपलब्ध हैं। किसान हजारों रुपए की दवा बाजार से खरीदते हैं। वहीं, फसल में कीटों को कम करने के लिए भी कीटनाशक दवाएं डाली जाती है। पहले तो कृषि विभाग से मिलने वाली दवाएं प्रमाणित होती थीं और उनका सही मात्रा में उपयोग करने की जानकारी भी दी जाती थी। लेकिन अब बाजार में कई कंपनियों की दवाएं मिल रही हैं और इनका कितना असर होगा इसकी भी जानकारी नहीं रहती है। कई बार यह दवाएं फसलों को प्रभावित भी कर देती हैं। बावजूद कृषि विभाग दवाओं का सैम्पल लेने में देरी कर रहा है। जब दवाओं का छिडक़ाव खेतों में हो जाएगा, फिर कृषि विभाग के अधिकारी सैम्पल लेने पहुंचेंगे। तहसील में दर्जनों की संख्या में लाइसेंस कीटनाशक दुकानें है। खुलेआम इन दुकानों पर महंगे दामों पर कीटनाशन दवाएं बेची जा रही है। लेकिन कृषि विभाग इन दुकानों पर जांच करने नहीं पहुंचते हैं।

खरीफ सीजन के लिए शहर में जगह-जगह प्रमाणित बीज के नाम पर कई क्विंटल सोयाबीन, मक्का बेची गई। कृषि विभाग ने बीज के मात्र 80 सैंपल लिए गए। वहीं अभी तक किटनाशक दुकानों के सैम्पल भी नहीं लिए हैं। यदि सैम्पल लिए भी जाते हैं, तो कुछ दुकानों तक ही सीमित रहते हैं। कीटनाशक दुकानों पर सैंपल के संबंध में कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राज शाह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि सीहोर कृषि विभाग से टारगेट नहीं मिले। 80बीज दुकानों से सैंपल लिए गए हैं।निर्देश के बाद कीटनाश्क दुकानों पर भी जाकर सैंपल लिए जाएंगे। इस वर्ष क्षेत्र में बोवनी का लक्ष्य 75हजार हेक्टेयर रखा गया है। जिसमें सोयाबीन,मक्का सहित अन्य फसलें की बुआई की किसानो ने इस वर्ष सबसे ज्यादा रकबा मक्का और सोयाबीन में रूचि रखते हुए फसलों की बुआई की। दो दर्जन किसानो का बीज अंकुरित नहीं हुआ, कृषि विभाग की जांच में बीज अमानक मिला। भैरूंदा ,खातेगांव तहसील के करीब दो दर्जन किसानो का खरीदा



सोयाबीन का बीज खेतों में अंकुरित नहीं हुआ था। कृषि विभाग की जांच में बीज अमानक मिला। बता दे कि बीते महीने किसानो ने एसडीएम सहित कृषि विभाग को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शिकायत दर्ज कराई थी। लाडकुई के जैन कृषि सेवा केन्द्र से दो दर्जन किसानो ने 50क्विंटल से अधिक सोयाबीन का बीज खरीद कर खेतों में बुआई की थी। लेकिन बीज का एक भी दाना खेतों में अंकुरित नहीं हुआ था। जिसकी शिकायत पर बाद कृषि विभाग के अधिकारियो ने किसानो के खेतों में पहुंच कर खेतों का मुआयना पंचनामा बनाया गया। जांच रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारी को सौपी गई। जिसमें कृषि विभाग के अधिकारियो ने भी माना कि सोयाबीन का बीज अमानक पाया। हालाकि जैन कृषि सेवा केन्द्र के व्यापारी द्वारा सभी किसानो को उनके बीज का भुगतान चैक द्वारा कर दिया गया है। वहीं कृषि विभाग ने जैन कृषि सेवा केन्द्र पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की।

राज शाह कृषि विकास कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकास खण्ड भैरूंदा ने बताया कि किसानों की शिकायत पर जांच में बताया कि सोयाबीन का बीज अमानक पाया गया। किसानो के नुकसान का भुगतान व्यापारी द्वारा कराया गया है। जांच रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारी को भेजी गई। जैन कृषि सेवा केन्द्र के व्यापारी को नोटिस जारी किया गया, आगे की कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारी करेगें।

## सड़क के दोनों तरफ कब्जा नाली भी बनवाने नहीं दे रहे

**भैरूंदा।** जनपद पंचायत भैरूंदा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सोठिया में रहवासियों द्वारा आम रास्ते के दोनों तरफ अतिक्रमण कर रखा है।

इसको लेकर ग्रामीणों द्वारा पहले भी शिकायत की गई। साथ ही हल्का पटवारी द्वारा चूने की लाइन डाली गई थी। इसके बावजूद रोड से अतिक्रमण नहीं हटाया।ग्राम पंचायत सोठिया के उप सरपंच मिश्रीलाल के साथ ग्रामीणों ने बुधवार को एसडीएम को आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि सोठिया में कुछ लोगों ने सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण कर रखा है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा है।

पंचायत रोड पर नाली बनवा रही थी। अतिक्रमणकारियों ने नाली भी नहीं बनाने दी। ग्रामीण एसडीएम से रास्ते का अतिक्रमण जल्द से जल्द हटवाने की मांग की है। आवेदन देने वालों में मुख्य रूप से मेंबर विक्की पंवार, रामविलास धावरे, आशिक खान, शाहरुख खान, जावेद खान, फारुख खान, नारायण पंवार, अकबर खान, भीम पटेल आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## फील्ड अधिकारियों को दिन में एक बार हाजिरी लगानी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा फील्ड अधिकारियों के लिए सैल्फी अटेंडेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब फील्ड अधिकारियों जिनमें जे.ई. एवं उससे ऊपर के अधिकारी शामिल हैं, को दो बार उपस्थिति दर्ज करने के स्थान पर दिन में कार्यालयीन समय में एक बार उपस्थिति दर्ज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

कंपनी ने कहा है कि बिजली आपूर्ति की निर्बाधता सुनिश्चित करने की बढ़ती चुनौतियों एवं कार्य आवश्यकताओं को देखते हुए यह पाया गया है कि फील्ड अधिकारी अक्सर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति और अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए मैदानी भ्रमण पर उपस्थित रहते हैं, जिससे वे नियमित उपस्थिति समय-सारणी का पालन नहीं कर पाने की स्थिति में होते हैं।

ऐसे में फील्ड कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु, और अधिकारियों की मैदानी आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस (ओएंडएम), एसटीएम/एसटीसी/, सतर्कता, बीआई सेल तथा सिविल विभागों में फील्ड ड्यूटी पर तैनात कनिष्ठ अभियंता (जेई) एवं उससे ऊपर के अधिकारियों को 'अटेंडेंस पोर्टल 2.0' पर दो बार सैल्फी उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता से छूट प्रदान की जाए।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में दीक्षारंभ समारोह आयोजित




**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर में ₹प्रवेश उत्सव₹ के अंतर्गत तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह सत्र 2025-26 का आयोजन दिनाँक 01 से 03 जुलाई 2025 को किया गया। दीक्षारंभ कार्यक्रम के प्रथम दिवस दिनाँक 01 जुलाई को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शर्मा ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा के अवसर एवं महत्व के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, ज्ञान प्राप्ति, नियमित उपस्थिति, नियम पालन, व्यक्तित्व विकास, सकारात्मक सोच आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यार्थियों का शिक्षकों से परिचय कराया।

मुख्य वक्ता अभिषेक भारद्वाज ने दीक्षारंभ के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गुरूकुल व्यवस्था, नियम पालन, अनुशासन, समय का सदुपयोग, बुजुर्गो का सम्मान, भारतीय संस्कृति का अनुशरण, लक्ष्य निर्धारण एवं व्यक्तित्व विकास के संबंध में प्रेरक जानकारी दी। विशिष्ट वक्ता शैलेष तिवारी ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को शिक्षा एवं विद्या का अंतर, विनम्रता, सद्‌गुण, अहंकार का त्याग, सकारात्मक सोच, अनुशासन पालन, बड़ों का आदर आदि के विषय में ज्ञानवर्धक जानकारी दी। दीक्षारंभ समारोह के द्वितीय दिवस दिनाँक 02 जुलाई को प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को छात्र समग्र विकास, नवाचार पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. शीलचंद्र गुप्ता (प्राध्यापक) ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की सुविधाओं व योजनाओं के अन्तर्गत क्रीड़ा, युवा उत्सव, एन.सी.सी., एन.एस.एस., करियर मार्गदर्शन योजना, छात्रवृत्ति योजनाएँ, पुस्तकालय सुविधा, छात्रावास, बस सुविधा, सूचना का अधिकार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. गणेशलाल जैन (प्राध्यापक) ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

विनयमणि त्रिपाठी (सहा. प्राध्यापक) ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित रोजगारोन्मुखी कोर्स बी. कॉम. (रिटेल ऑपरेशन) की जानकारी दी। तत्पश्चात नव प्रवेशित विद्यार्थियों को सम्पूर्ण महाविद्यालय परिसर का भ्रमण करवाया गया। दीक्षांरभ समारोह के तृतीय दिवस दिनाँक 03 जुलाई को प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का महत्व, व्यक्तित्व विकास, कक्षा अध्ययन का महत्व, भारतीय संस्कृति, देशप्रेम की भावना, लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत प्रयास आदि के संबंध में प्रेरक जानकारी दी। डॉ. सुमन रोहिला (प्राध्यापक) ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय सुविधा के संबंध में जानकारी दी। डॉ. सुशीला पटेल (प्राध्यापक) ने विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. पुष्पेन्द्र परसेंडिया (सहा. प्राध्यापक) ने विद्यार्थियों को एन.सी.सी. तथा पूर्णिमा सिंह परिहार (सहा, प्राध्यापक) ने एन.एस.एस. छात्र/छात्रा इकाई के संबंध में जानकारी दी। डॉ. आमिर एजाज (प्राध्यापक) ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में अनुशासन, ड्रेस कोड व नियमों का पालन, रैगिंग से दूर रहने तथा परिसर में स्वच्छता बनाये रखने की समझाइश दी।

## ग्राम बिसोनिकलां में कियोस्क कार्यक्रम हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले के ग्राम बिसोनिकलां में कियोस्क कार्यक्रम का आयोजन शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा कियोस्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसका कम खर्चे में केसे अच्छा उत्पादन प्राप्त हो उसके लिए किसानों को जागरुक किया गया। कंपनी के कुछ उत्पाद जैसे खास, विंगरो-जी, ज्यूपिटर, सीएमएस आदि खाद और दवाई के बारे में किसानों को बताया गया। मक्का के लिए विंगरो-जी हमारे फसल के लिए खास है के बारे में किसानों को समझाया दिया गया। कंपनी के कर्मचारी ललित जायसवाल के द्वारा बताया गया कि ज्यादा रसायन खाद से जमीन की उर्वरा शक्ति खराब हो रही है। जमीन बंजर होने की कगार में है, इसलिए शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड के द्वारा जैविक खेती के तरीके बताए गए। जैविक खेती से जमीन के बंजर होने का खतरा नहीं होती है। खेत मिट्टी भी उपजाऊ होती है। जमीन का पीएच मैन भी मेंटेन रहता है। पौधों का विकास भी अच्छी तरह से होता है।

कियोस्क प्रोग्राम में कंपनी के कर्मचारी कृषि अधिकारी ललित जयसवाल और कंपनी के सीनियर धीरज विश्वकर्मा के साथ गांव के जागरूक किसान राजाराम लोवंशी, सुरेश राजपूत, अनिल धनगर, सुरेश मीना आदि उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के हित में पीएम मोदी को पत्र लिखेंगे विधायक सुदेश राय




**सीहोर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के लिए विधायक सुदेश राय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखेंगे। यह बात विधायक सुदेश राय ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा है। दरअसल, आगंनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका महासंघ द्वारा बस स्टेंड स्थित गीता मानस भवन में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया था। इस बैठक में विधायक सुदेश राय स्वयं पहुंचे और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर ज्ञापन लिया।

विधायक राय ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के द्वारा दिन रात मेहनत कर सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया जाता है। उनकी कर्मशीलता कर्तव्यपरायणता के कारण ही वह स्वयं ही उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन लेने पहुंचे है। पहले भी बहनों की सभी मांगों को मुख्यमंत्री से चर्चाकर पूरा कराया है इस बार भी बहनों की एक सूत्रीय मांग को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री जी को भी पत्र लिखेंगे। गौरतलब है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने प्रधानमंत्री से उन्हें सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग की। एक सूत्रीय मांग को लेकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन विधायक सुदेश राय को दिया। आयोजित जिला स्तरीय बैठक का शुभारंभ भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अनिल शर्मा, जिला पदाधिकारी विनीत दुबे, आगंनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका महासंघ जिलाध्यक्ष ऊषा राठौर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। बैठक में जिला अध्यक्ष उषा राठौर, सचिव रजनी विश्वकर्मा, तबस्सुम दीपमाला, याशिता धीमान, महादेवी वर्मा, पूजा अंबुजा, रानी श्रीवास्तव, बबीता, रेखा राठौर, पदमा सोनी, रचना ठाकुर, हेमलता राठौर, लटेश जोशी, नेहा मेवाड़ा, नीलम, लता लालवानी, फेमिदा बी सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं मौजूद रहीं।

### समय सीमा में करें नागरिकों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण : कलेक्टर

# कलेक्टर ने बुधनी में सीएफएमटीटीआई, तहसील कार्यालय व धरती आबा शिविर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने बुधनी स्थित केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (सीएफएमटीटीआई), बुधनी तहसील कार्यालय तथा ग्राम खटपुरा में धरती आबा अभियान के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया।

केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान के अवलोकन के दौरान उन्होंने संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है प्रशिक्षाणार्थियों से चर्चा की और उनके प्रशिक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इस प्रशिक्षण संस्थान में देश के 10 राज्यों से आए प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कलेक्टर बालागुरू के. को जानकारी दी गई कि बुधनी स्थित यह केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने वाला देश का प्रमुख संस्थान है। जो भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन कार्य कर रहा है। यह संस्थान न केवल किसानों और तकनीकी कर्मियों को कृषि यंत्रों के संचालन, रखरखाव एवं मरम्मत का प्रशिक्षण देता है, बल्कि देशभर में निर्मित कृषि यंत्रों एवं उपकरणों का वैज्ञानिक परीक्षण भी करता है। यहां ट्रैक्टर, रोटावेटर, थ्रेशर, बीज ड्रिल, पावर टिलर जैसे विभिन्न यंत्रों की गुणवत्ता, सुरक्षा और कार्यक्षमता की जांच की जाती है, जिससे यंत्र निर्माताओं को बीआईएस प्रमाणन प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

उल्लेखनीय है कि सीएफएमटीटीआई हर साल हजारों किसानों, ग्रामीण युवाओं, यंत्र निर्माताओं और कृषि छात्रों को आधुनिक कृषि यंत्रों की तकनीकी जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। संस्थान के पास अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, परीक्षण ट्रैक, वर्कशॉप और प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध हैं, जहां विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव भी कराया जाता है। इसके अलावा यह संस्थान विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान, मशीनरी प्रदर्शन, किसान मेलों और फील्ड डेमो के माध्यम से किसानों को आधुनिक यंत्रों के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करता है। निरीक्षण के दौरान बुधनी एसडीएम डीएस तोमर, तहसीलदार सौरभ वर्मा, सीएफएमटीटीआई के निदेशक बीएम नांदेड़े सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**ग्राम खटपुरा में धरती आबा अभियान के शिविर का किया निरीक्षण :** कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम खटपुरा मे धरती आबा अभियान के तहत आयोजित किए गए शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किया जाए, कोई भी पात्र हितग्राही छूटे न। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि यह अभियान जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य चलाया जा रहा है जो सरकार का प्राथमिकता वाला अभियान है। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी शिविरों में समय पर उपस्थित हो और जनजातीय समुदाय के सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करें।

**बुधनी तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण:** कलेक्टर बालागुरू के बुधनी तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आमजन के सभी राजस्व संबंधी मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निराकृत किए गए राजस्व प्रकरणों अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व संबंधी काम समय सीमा में किए जाएं ताकि आमजन को पेरशान न होना पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती संबंधी सभी कार्यवाही का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अभिलेखों का बेहतर ढंग से संधारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पर तहसील कार्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

कलेक्टर ने सिंचाई परियोजनाओं के अधिकारियों, कंपनी के प्रतिनिधियों के संग की बैठक

# माइक्रो इरीगेशन में बेहतर कार्य करने वाली पंचायतें होंगी पुरस्कृत

## 10-10 हजार रुपए राशि के सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मोहनपुरा कुंडालिया जैसी परियोजनाओं से खेतों की सिंचाई के लिए पानी के सदुपयोग हेतु जिले में माइक्रो इरीगेशन को बढ़ावा दिया जाएगा। किसानों को माइक्रो इरीगेशन पद्धतियां अपनाने के लिए जागरुक किया जाएगा, साथ ही उनको माइक्रो इरीगेशन अपनाने से होने वाले फायदों का अर्थशास्त्र समझाया जाएगा।

बुधवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कृषि, उद्यानिकी, मोहनपुरा एवं कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं के अधिकारियों एवं माइक्रो इरीगेशन के क्षेत्र में कार्य कर रही निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर जिले में माइक्रो इरीगेशन बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने स्प्रिंकलर सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर जैसी माइक्रो सिंचाई प्रणालियों में हितग्राहियों को मिलने वाले अनुदान की भी जानकारी ली। साथ ही पिछले 5 सालों में इन परियोजनाओं के लिए मिले लक्ष्य एवं लाभान्वित हिग्राहियों की स्थिति पर भी विश्लेषण किया।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में माइक्रो इरीगेशन के तहत बेहतर कार्य होगा उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 1 लाख, 50 हजार एवं 25 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही 10-10 हजार रुपये राशि के सांत्वना पुरूस्कार भी दिए जाएंगे।

### सिंचाई उपकरण तोड़ने वालों पर होगी एफआईआर

बैठक में मोहनपुरा कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं के सिंचाई उपकरण तोड़ने वाले किसानों पर कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि जो लोग उपकरण में तोड़-फोड़ कर रहे हैं, उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। जिस किसान के खेत में उपकरण की तोड़-फोड़ होती है, उसे भी नुकसान पहुंचाने का जिम्मेदार माना जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसानों पर



तोड़-फोड़ की वसूली उनके खसरों में दर्ज की जाएगी।

### उद्यानिकी को बढ़ावा देने पर भी चर्चा

बैठक में कलेक्टर ने जिले में केला, स्ट्राबेरी, अमरूद, पपीता इत्यादि की खेती को बढ़ावा देने हेतु कार्य करने के निर्देश भी अधिकारियों को प्रदान किए। इसके अलावा अदरक, हल्दी एवं आलू की पैदावार की संभावनाओं पर भी अध्ययन करने के लिए कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए।

## संस्कार एकेडमी के बच्चों ने रेलवे की कार्य प्रणाली को जाना



**पचोर।** आज संस्कार एकेडमी, पचोर की कक्षा एलकेजी, यूकेजी के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया। इस अवसर पर कुल 6 शिक्षकगण और प्री-प्राइमरी विभाग के सुश्री रियांश गोयल के नेतृत्व में बच्चों को भ्रमण पर ले जाया गया। इस मौके पर शिक्षिका प्रियंका सक्सेना, प्रियंका उपाध्याय, अनुभा श्रीवास्तव, सपना चैहान, शिक्षक कुलदीप शर्मा उपस्थित रहे बच्चों ने इस भ्रमण में न केवल आनंद लिया, बल्कि कई नई जानकारियाँ भी प्राप्त कीं। शिक्षकों ने विभिन्न स्थलों पर जाकर बच्चों को सरल और रोचक तरीके से जानकारी दी, जिससे बच्चों की जिज्ञासा और सीखने की इच्छा में वृद्धि हुई। इस मौके पर स्टेशन मास्टर जसराम मीणा ने भी बच्चों को रेल्वे से जुडी रोचक जानकारियां बच्चों से साझा की! भ्रमण का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किया जाता है।

एनएच-52 पर भोजपुर थानाक्षेत्र के तहत हुआ हादसा

## भोपाल से अजमेर जा रही बस खड़े ट्रक से भिड़ी, 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर मंगलवार देर रात्रि एक यात्री बस खड़े ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना में बस में सवार 6-7 लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना के बाद सभी घायलों को खिलचीपुर अस्पताल पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार भोपाल से अजमेर जा रही यात्री बस क्रमांक एमपी-09 एफए-7216 मंगलवार रात्रि करीब 10 बजे दृश्यता कम होने के चलते हाईवे पर साइड में खड़े हुए ट्रक से जा टकराई। ट्रक चालक के अनुसार बस के वाइपर खराब हो गए थे और बारिश होने के चलते ट्रक नजर नहीं आ पाने के चलते यह हादसा हो गया। दुर्घटना में बस में सवार ब्यावरा निवासी वीरेंद्र कुमार, बस कंडक्टर भगवान सिंह, बबलू तंवर, रमेश वर्मा, विक्रम तंवर और मांगीबाई घायल हुए हैं। इनमें से वीरेंद्र और भगवान सिंह की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय भिजवाया गया।



**सूचना पर रात्रि में ही खिलचीपुर पहुंचे एसपी-** यात्री बस के साथ हुए इस हादसे की जानकारी लगने के बाद पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी खिलचीपुर पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना। मामले में भोजपुर पुलिस ने बस चालक शाहरुख को हिरासत में लेकर आगामी कार्यवाही की है।

फिटनेस, बीमा, परमिट को भी किया गया चेक

## आरटीओ की टीम ने जांचे स्कूल और यात्री बसों के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में सड़क हादसों में कमी लाने सहित सुरक्षित यात्रा के उद्धेश्य से परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में बुधवार को पचोर एवं तलेन क्षेत्र की कईं स्कूल एवं यात्री बसों को चेक करते हुए उनके बीमा, परमिट, फिटनेस सहित अन्य दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की गई। आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के नेतृत्व में हुई इस कार्यवाही के दौरान तलेन क्षेत्र के सरस्वति स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, एसबीएस पब्लिक स्कूल एवं मास्टर माइंड स्कूल पहुंचकर संचालकों को निर्देशित किया गया किवे अपनी संस्था की बसों की समस्त दस्तावेज पूर्ण करते हुए निर्धारित गाईड लाईन अनुसार ही बसों को चलाएं। तलेन-शुजालपुर मार्ग पर मास्टर माइंड स्कूल तलेन की एक बस बिना वैध परमिट एवं फिटनेस के चलती पाई जाने पर उसे जब्त कर थाने में खड़ा करवाया गया। परिवहन कार्यालय की टीम द्वारा की गई इस कार्यवाही एवं चेकिंग के दौरान राजदेव शर्मा, प्रेमनारायण कुरैचया सहित अन्य शामिल थे। विभाग ने सभी स्कूलों के प्राचार्यों से अपील की है कि वे अपनी बसों के दस्तावेज पूर्ण करवाने के उपरान्त ही उन्हें सड़क पर उतारें। चैकिंग के दौरान किसी




भी तरह की कमी पाए जाने पर विभाग के नियमानुसार चालानी सहित अन्य कार्यवाही की जाएगी।

मौके पर नहीं मिला नक्शा एस्टीमेट

## आमगढ़ा बेराज पर जांच करने पहुंचे अधिकारी

**सारंगपुर।** जल संसाधन विभाग की और से निर्मित बेराज निर्माण में घटिया सामग्री से शीर्षक समाचार प्रकाशित होने के बाद कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा मामला संज्ञान में लिया और आमगढ़ा निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखने के लिए टिम भेजी, जिसमें लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री दीपक कुमार,एसडीओ आरईएस कृपाल पोरवाल के साथ आमगढ़ा बेराज निर्माण कार्य देखने पहुंचे एवं निर्माण कार्य निर्माण सामग्री का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारी मौके पर उपस्थित निर्माण एजेंसी के कर्मचारी तथा ठेकेदार के कर्मचारियों से सवाल जवाब कर वापस चले गये। लेकिन प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि जांच करने आए अधिकारी को मौके पर निर्माण कार्य का नक्शा या तकनीकी प्रतिवेदन नहीं मिला न



ही बालू रेत दिखाई दी तथा अधिकारियों ने बालू से संबंधित सवाल किया तो ठेकेदार के कर्मचारियों ने कहा कि जो कार्य कर रहे हैं वह एस्टीमेट अनुसार ही हैं। फिर अधिकारी ने सवाल किया कि आपके इंजीनियर कहा हैं बिना इंजीनियर की उपस्थिति में कार्य कैसे कर रहे हो तो ठेकेदार के आदमी ने बोला के इंजीनियर के बताए अनुसार ही कार्य कर रहे हैं। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि कार्य निम्न स्तर का है जांच अधिकारियों ने कहा कि आपने अवलोकन किया है वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराएंगे।

जिला पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा पत्र

## पंपों की जांच स्वागत योग्य, इसमें तकनीकी तथ्यों का भी रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रतलाम जिले में मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल दो दर्जन से अधिक वाहनों में पानी मिश्रित पेट्रोल भरे जाने की घटना के बाद संपूर्ण मप्र में पेट्रोल पंपों की जांच शुरू हुई है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रशासन एवं खाद्य विभाग की टीम ने मुख्यालय स्थित रामेश्वर कृपा फिलिंग सेंटर पर कार्यवाही की थी जहां स्टोरेज टैंक में पानी होने की बात सामने आई थी।

जिले के पेट्रोल पंपों की उक्त जांच को जिला पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने स्वागत योग्य बताया है लेकिन, जांच के दौरान तकनीकी पहलुओं एवं तथ्यों को भी ध्यान रखने का आगृह प्रशासन से किया है। इस संबंध में एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार दोपहर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से भेंट करते हुए उन्हें एक पत्र सौंपकर कुछ




बातों से अवगत कराया। पत्र में उल्लेख है कि टैंक के पानी की जांच नोजल यानिकी डिलीवरी से होनी चाहिए क्योंकि सभी ऑयल कंपनियां मानती हैं कि टैंक में प्रत्येक वर्ष कुछ न कुछ पानी आ ही जाता है जिसे पंप संचालक अपनी पंजी में भी दर्ज करते हैं।

**उपभोक्ताओं को नहीं हो सकती क्षति-** पत्र में यह भी उल्लेख है कि टैंक में डिस्पेसिंग यूनिट तल से 350 मिलीमीटर ऊपर होती है, ऐसे में लगभग नीचे वाला 2700 लीटर माल नहीं निकल सकता। इसके साथ ही भारत सरकार ने भूमिगत स्टोरेज टैंक की सफाई से जनहानि रोकने के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित लगाया हुआ है ऐसे में 100 मिलीमीटर डिप तक टैंक में पानी हो सकता है जिससे उपभोक्ताओं को क्षति नहीं हो सकती। एसोसिएशन ने जांच के दौरान पहलुओं पर भी ध्यान देने का उल्लेख अपने पत्र में किया है। इएसोसिएशन के बृजभूषण बागड़ी, दिनेश पुरोहित आदि मौजूद थे।

हिंदू उत्सव समिति के आह्वान पर पहुंच रहे श्रद्धालु

## सनातन धर्म ध्वजा को लेकर मंदिरों में हो रही आरती



**सारंगपुर ।** सनातन संस्कृति को लेकर सर्व हिन्दू समाज में जन जागरण अभियान जारी है। लोग अपने अपने मोहल्लों में स्थापित मंदिरों में पूजा आरती करते थे। लेकिन उनकी उपस्थिति धीरे धीरे कम होती चली गई कारण दैनिक जीवन की व्यवस्था एवं संगठन की अरुचि से मंदिरों में श्रद्धालु कम होने लगे थे। हिन्दू उत्सव ने नगर के सभी मोहल्लों से सभी समाज के वरिष्ठ एवं समाज सेवी लोगों को समिति में जोड़ा गया और सभी मंदिरों में प्रति शनिवार मंगलवार अमावस्या पूर्णिमा को मंदिर दर्शन एवं आरती करने का निर्णय लिया गया । इस निर्णय से हिंदू समाज में जन चेतना जागी और लगातार मंदिरों में आरती करने का क्रम जारी किया मंगलवार को नगर के कतिया समाज के पूर्वजों द्वारा स्थापित 800 वर्ष पुराने मंदिर गौगेश्वर धाम के नाम से जाना जाता हैं। उक्त मंदिर जामा मस्जिद के समीप स्थित है पास महादेव का मंदिर भी है इसमें प्रतिष्ठित हैं रामदरबार भोलानाथ एवं मां शीतला का मंदिर आस्था का केंद्र है। कतिया समाज के अध्यक्ष रामसिंह चंदेल ने बताया कि हिन्दू उत्सव समिति व अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला की मंदिरों में सामूहिक आरती की परम्परा प्रशंसनीय हैं।

धर्मशाला में जिले भर से पेंशनर्स हुए शामिल

## जिला पेंशनर सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के हिंगलाज वाटिका भावसार धर्मशाला में जिला पेंशनर्स सम्मेलन का आयोजन किया गया।सम्मेलन में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षिकाऐ अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के उद्देश्य के मुताबिक पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की और उनके समाधान हेतु प्रस्ताव पारित।इस अवसर पर पेंशनर संघ के पदाधिकारियों ने पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी,अध्यक्षता जिला पेंशनर संघ अध्यक्ष दिनेशचंद्र नागर ,विशेष अतिथि नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन




कुशवाह , बीरम सिंह चैहान, सुरेश चंद गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, प्रबंधक एसबीआई जीवन आसमानी , प्रबंधक बीईओ राजकुमार धाकड़ ,आर एन कुशवाहा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सम्मेलन का श्री गणेश किया। कार्यक्रम का संचालन मोहनलाल पुष्पद ने करते हुए स्वागत भाषण एवं सम्मेलन की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस सम्मेलन का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दीर्घकालीन सेवाओं के प्रति सम्मान प्रकट करना है। समारोह में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स को दुपट्टा बैंग एवं मोती माला भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे पेंशनर्स के अनुभवों और उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सेवा समाज के लिए प्रेरणा है। यह कार्यक्रम समाज में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त करता है। इस दौरान पेंशनरों के लिए तीन हजार रुपए मासिक चिकित्सा भत्ता देने की मांग कि जिस पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि उक्त जो भी आपकी मांगे हैं उनका समर्थन करते हुए शासन स्तर से मांगे पूरी करवाने का पूरा प्रयास करूंगा। इस अवसर पर नए पुराने समस्त अतिथि पेंशनरों को सम्मानित किया , तथा महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत्त ज्योत्सना दांगी को मनोनीत किया गया।

## महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह के द्वितीय दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



सारंगपुर । मध्य प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र 2025-26 के प्रथम तीन दिवस दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में द्वितीय दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ममता खोईया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा में कुछ अंतर होता है उस अंतर को हमें पाटना है और अपनी शिक्षा को बेहतर करते हुए उज्जवल भविष्य का निर्माण करना है। शिक्षा वह साधन होता है जिसके द्वारा हम अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। इसलिए हमें शिक्षा के महत्व को समझना है और हमें बेहतर शिक्षा प्राप्त करना है। महाविद्यालय प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ मो.वसीम शेख ने छात्र संगठनों से विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा उन्होंने कहा कि छात्र संगठन छात्र -छात्राओ के हित में कार्य करते हैं उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हैं हमारे महाविद्यालय में छात्र संगठन अनुशासित हैं एवं हमेशा सेवा भाव से विद्यार्थियों का सहयोग करते हैं। साथ ही उन्होंने एनएसयूआई तथा एबीवीपी के पदाधिकारी से छात्र-छात्राओं का परिचय करवाया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिरते हुए पानी में लगाए हेमंत खंडेलवाल जिंदाबाद के नारे

# प्रदेशाध्यक्ष की निर्विरोध ताजपोशी पर कार्यकर्ताओं ने मनाया संगठन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मध्य प्रदेश बीजेपी में संभवत ये पहली बार होगा कि जो नाम प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए बीते 6 महीने से सुर्खियों में बना हुआ था उसी नाम पर मुहर लगी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल का नामांकन भराया । इस मौके पर मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चैहान मौजूद रहे । नवनिर्वाचित अध्यक्ष मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी हेमंत खंडेलवाल के नाम पर प्रदेश के सभी नेताओ ने भी अपना समर्थन किया और आज भारतीय जनता पार्टी चुनाव पर्यवेक्षक धर्मेंद्र प्रधान के द्वारा उनको प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यालय में जोरदार उनका स्वागत किया गया ।

### पीपल चैराहे पर कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी लगाए जिंदाबाद के नारे



प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद ही पूरे मध्यप्रदेश के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक मंडल पर संगठन के निर्देश अनुसार कार्यकर्ताओं ने अपने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बनने पर संगठन उत्सव कार्यकर्ताओं में बड़ी धूमधाम से ढोल धमाकों के साथ मनाया। पीपल चैराहे पर भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा के अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने हाथों में भारतीय जनता पार्टी के झंडे लेकर मिठाइयां बताकर ढोल नगाड़ों पर तिरक्कर अपने लाडले प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत अभिनंदन किया गिरते हुए पानी में भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रुक नहीं अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद हेमंत खंडेलवाल जिंदाबाद के नारे गिरते हुए पानी में भी कार्यकर्ताओं ने लगाई इस दौरान इस संगठन उत्सव में भारतीय जनता पार्टी के जिले के महामंत्री पंडित अमित शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल पार्टी के कोषाध्यक्ष के तौर पर जिम्मेदारी निभाई है।

### खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष व टेटवाल को राष्ट्रीय परिषद सदस्य बनने पर बधाई दी

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर आतिशबाजी कर बांटी मिठाई



**सारंगपुर।** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा मध्य प्रदेश भाजपा में बैतूल के विधायक हेमंत खंडेलवाल को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने तथा मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाए जाने पर भाजपा सारंगपुर मंडल के नेतृत्व में बुधवार को अस्पताल रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा,राजेंद्र सर्वावत महामंत्री कमल राठौर, राहुल पुष्पद,कमलेश टेटवाल,पार्षद कुलदीप राठौर,योगेश माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दिव्यांग को मिली व्हीलचेयर के साथ ही यूडीआईडी कार्ड

**गुना।** गुना जिले के मधुसूदनगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम करेला निवासी घनश्याम मीना द्वारा 02 जुलाई को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी पुत्री शालू मीना 90 प्रतिशत अस्थिबाधित एवं मानसिक रूप से दिव्यांग है। उसकी दिव्यांगता प्रमाण पत्र का नवीनीकरण होना है, साथ ही आवागमन के लिए व्हीलचेयर एवं यूडीआईडी (UDID) कार्ड की आवश्यकता भी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आवेदन पर संज्ञान लेते हुए उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अब्दुल गफ्फार को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। प्राप्त निर्देशों पर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा शालू मीना को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र गुना से व्हीलचेयर प्रदान की गई। साथ ही उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नवीनीकृत कर ऑनलाईन यूडीआईडी (UDID) कार्ड जनरेट कर उपलब्ध कराया गया।

## खबर संक्षेप

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों से जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यातायात को सुगम बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि वाहनों की ओवर स्पीडिंग रोकने के लिए हाईवे के टोल नाको के पास स्पीड राडार गन द्वारा वाहनों पर कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही रोड़ निर्माण एजेंसी जिले की सभी सड़कों का सर्वे करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी सड़कों पर संकेतक लगे हों और पुल एवं पुलिया क्षतिग्रस्त स्थिती में न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी जलमग्नीय पुल एवं पुलियों पर वर्षा ऋतु के दौरान बैरिकेडिंग की जाए और संकेतक लगाए जाएं। इसके साथ ही निगरानी के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सीहोर नगर में अतिक्रमण वाले स्थानो पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए ताकि यातायात संचालन में बाधा उत्पन्न न हो। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि नगर मे चल रहे निर्माण कार्यो के बीच में आने वाले बिजली के खंभे शिफ्ट करने की कार्यवाही की जाये ताकि निर्माण कार्य मे बाधा न हों। इसके साथ ही सभी वाहन चालको के लिए नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किए जायें। उन्होंने कहा कि यातायात निमयों के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जाए ताकि वे इन नियमों को समझते हुए इनका कढ़ाई से पालन कर सकें।

### स्मार्ट मीटर का भारी विरोध, सड़क पर उतरे ग्रामीणों ने जमकर की नारेबाजी

# बिजली उपभोक्ता बोले-स्मार्ट मीटर नहीं यह चोर मीटर है, चार गुना बढ़ गया बिल

स्मर्ट मीटर का विरोध कर रहे गरीब ग्रामीण उपभोक्ता बोले, मेहनत मजदूरी कर परिवर पाल रहे, पांच हजार से दस हजार का बिजली बिल केसे जमा करे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



सीहोर के अहमदपुर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटरों के खिलाफ आखिरकार लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। गुरुवार को अहमदपुर के स्थानीय ग्रामीण बिजली उपभोताओ ने सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पैदल रैली निकाल कर अहमदपुर विद्युत कार्यालय पहुंचे और जमकर नारेबाजी कर ज्ञापन सौंपते हुए स्मार्ट मीटर लगने के बाद भारी भरकम बिजली के बिलों के विरोध में स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, बही बिजली उपभोक्ताओं ने कहा है कि यह स्मार्ट मीटर नहीं है यह चोर मीटर है इसको निकला जाए जो बिजली बिल हमारे पहले आते थे उसी तरह बिजली बिल जारी किए जाए। गौरतलब है कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बीते दो-महीने पहले अहमदपुर में स्मार्ट मीटर लगाए गए स्मार्ट मीटर लगने के बाद से लोगों के घरों में बिजली का बिल तीन से चार गुना बढ़ गया है। स्मार्ट मीटर को लेकर स्थानीय जनता में जबरदस्त आक्रोश है, वही स्मार्ट मीटर के बढ़ते बिलो को लेकर बिजली उपभोक्ता अब सड़कों पर उतरने लगे हैं और स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### भारी भरकम बिल से उपभोक्ता परेशान विद्युत वितरण केंद्र का किया घेराव

अहमदपुर में भारी भरकम बिल से अहमदपुर के उपभोक्ताओं परेशान होकर विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचे भारी भरकम बिल के विरोध में प्रदर्शन किया बिजली उपभोताओं ने कहा कि जितना बिल आ रहा हे उतनी हमारी एक महा की मजदूरी भी नहीं हे जब से स्मार्ट मीटर लगाए गए भरी भरकम बिल आ रहे हैं 2000, हजार ,5000, हजार 10000 तक के बिल थमाए जा रहे हे। उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर तत्काल निकाले जाए। यह मीटर लाइट बंद होने के बाद भी चलते रहते हे। बिजली विभाग ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीणों से विद्युत अधिकारी ए ई लखन दुबे ने प्रदर्शनकारियो से कहा है की अधिक राशि लग रही है तो हम मीटर की जांच करवा लेंगे। किंतु उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को हटाने पर अड़े रहे। उपभोक्ता नेकहा की सात दिवस में हमारा निराकरण नहीं किया, तो हम क्षेत्र की जनता के साथ आंदोलन करेंगे। इसकी पूर्ण जवाबदारी बिजली विभाग की होगी।

### स्मार्ट मीटर को लेकर क्या बोले उपभोक्ता

नागरिक हसीन पठान ने बताया कि यह स्मार्ट मीटर नहीं है चोर मीटर है हमारी जेबों पर सीधा डांका डाला जा रहा है और भारी भरकम बिल हमें थमाकर बसूला जा रहा है। उपभोक्त अकरम शाह ने बताया कि मैं मेहनत मजदूरी करता हूं, 5 हजार महीने का बिल आ रहा है 200, 300 की मजदूरी करता हू बच्चों को पालू या फिर बिल चढ़ाऊ बताओ आप ही क्या करूं। बिजली उपभोक्ता अकबर हम्माल ने बताया कि मैं विकलांग हूं, मांग कर लाकर खाने वाला हूं, इतना बिल आएगा तो मैं कैसे क्या कर पाऊंगा। एक बार बिल चढ़ाने के बाद भी इतना इतना बिल आ रहा है मैं क्या करूं समझ नहीं आ रहा।



# रेलवे के जिम्मेदारों ने नहीं किए पानी निकासी के इंतजाम, फसल हो रही खराब

### तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर देखे हालात



**श्यामपुर।** रेलवे अधिकारी और तहसीलदार के बीच हुई बहस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोपाल बैरागढ़ से रामगंज मंडी के लिए जो रेलवे लाइन निकाली जा रही, इस रेलवे लाइन के नजदीकी दर्जनों किसानों के सोयाबीन के खेतों में पहली बरसात में पानी भर जाने के कारण सोयाबीन की फसल खराब हो रही है। रेलवे विभाग के अधिकारियों ने पानी निकासी का कोई रास्ता नहीं बनाया। जिससे आसपास के कई किसानों के खेत में पानी भरने से बोई हुई फसल नष्ट होने लगी है। किसानों ने अपने खेतो में पानी भर जाने की जानकारी तहसीलदार को बताया था। इसके बाद श्यामपुर तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले तुरंत किसानों के खेतों पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर खराब हुई फसल को लेकर रेलवे विभाग के अधिकारियों से पानी निकासी की बात कही। रेल विभाग अधिकारी विनोद कुमार निगम रेल अधिकारी से किसानों के हित के लिए तहसीलदार ने कहा कि आपने समय के पहले पानी की निकासी क्यों नहीं की। लेकिन रेल अधिकारी निगम के द्वारा कहा गया कि मेरा काम नहीं है। नाली और पानी निकासी का और ना ही पानी निकासी नहीं करवा पाऊंगा। इसको लेकर श्यामपुर तहसीलदार व रेल विभाग अधिकारी दोनों के बीच में काफी देर बहस हुई। श्यामपुर तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि किसानों का नुकसान नहीं होना चाहिए। किसान हमारे देश के अनदाता है और जल्द से जल्द पानी निकासी की व्यवस्था कीजिए ताकि आगे चलकर किसानों को कोई परेशानी नहो। किसानों ने रेलवे विभाग से खराब हुई फसल का हर्जाना देने की मांग की गई है। किसानों ने कहा कि अगर रेल विभाग ने हमारे खेतों में पानी निकासीका कोई निराकरण नहीं किया तो हम सभी किसान सीहोर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे और धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी समस्त जवाबदारी प्रशासन की रहेगी।

## नपा अध्यक्ष ने किया बास्केट बॉल और पिकल बॉल कोर्ट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पचामा स्थित ब्ल्यू बर्ड स्कूल ने बुधवार को अपना 25वां स्थापना दिवस मनाया। स्कूल स्टाफ और छात्रों ने धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया। छात्रों ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और रंगारंग कार्यक्रम हुए। इसके साथ ही स्कूल संचालक बसंत दासवानी जो लंबे समय से खेलों से जुड़े रहे हैं और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित भी करते आ रहे हैं। उन्होंने शहर के खिलाडियों को पिकल बॉल और बास्केट बॉल कोर्ट की सौगात दी है। जहां नई खेल प्रतिभाएं भी तैयार की जाएंगी। इन दोनों कोर्ट का शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रिंस राठौर ने किया। ब्लयू बर्ड स्कूल ने अपने 25 साल पूरे किए। स्कूल ने अपने इस शानदार सफर को याद करते हुए उत्साह के साथ स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद प्रिंस राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि हम आप में देश का भविष्य देखते हैं। हमारे सपनों के भारत के निर्माण में अपके भविष्य की कल्पना है और मुझे उम्मीद है कि आप हमारे देश, प्रदेश, शहर, स्कूल और हम सब को गौरव के वो क्षण प्रदान करेंगे जब हम कह सकेंगे कि ये अधिकारी या कलाकार या प्रतिभावान छात्र हमारे शहर का है। इस दौरान अपने बचपन को पूरा जीना है क्योंकि बचपन लौटकर नहीं आता और बचपन हमारे पूरे जीवन का सबसे खूबसूरत समय रहता है। तो खूब शरारतें करें और पढ़े। स्कूल के प्रबंधक जयंत दासवानी ने बताया कि हमने पिकल बॉल के दो और बास्केट बाल का एक कोर्ट बनाया है। पिकल बॉल इन दिनों खासा पसंद किया जा रहा है और बास्केट बॉल के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी हम तैयार कर सकें ऐसा सपना है। स्कूल के समय के बाद दोनों की कोर्ट आम लोगों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आनंदिपुरा के स्कूल परिसर में पौधरोपण कर शाला के बच्चों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था पगारिया राम सेक्टर भवरा द्वारा ग्राम आनंदीपुरा में शासकीय माध्यमिक शाला में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत छायादार, फलदार पौधों का रोपण किया। साथ ही शाला के बच्चों से संवाद किया एवं नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया एवं बच्चों पुरस्कार देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी नवांकुर संस्था प्रभारी जीवन मितवाल मेंटर्स मुकेश राठौर, कन्हैयालाल दरिया ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, शाला के शिक्षक, कुंवर सिंह कुशवाह, मान सिंह ठाकुर, सुरेश सिंह परमार दिनेश खेलवाल एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे इस अवसर अवलोकन किया प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर पौधारोपण कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी जी ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी जन अभियान बनाए अपने जन्म दिन, बुजुर्गो की स्मृति में वैवाहिक बर्षगांठ आदि अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस कार्यक्रम सहभागिता करवाए ।

## निकाली भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

परंपरानुसार अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन आष्टा द्वारा श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा बड़े ही धूमधाम व उत्साहपूर्ण वातावरण में निकाली जाती है। इस वर्ष भी संघ द्वारा गायत्री मंदिर से रथयात्रा प्रारंभ की, जिसका कृषि उपज मंडी के समीप समापन हुआ। महाप्रभु जगन्नाथजी की रथयात्रा का शुभारंभ विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम, पार्षद रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, योगेन्द्रसिंह ठाकुर द्वारा भक्तिभाव से पूजा-अर्चना व सुसज्जित रथ पर विराजमान भगवान महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की आरती कर किया गया।

नगर में निकाली गई रथयात्रा में बड़ी संख्या में भगवान जगन्नाथ के श्रद्धालुजन शामिल थे जो हरे रामा हरे कृष्णा का गायन व नृत्य करते हुए नजर आए। रथयात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत सामाजिक संगठनों, राजनैतिक संगठनों द्वारा किया गया। इस पूरे भक्तिमय समारोह को इस्कॉन सेंटर प्रमुख संदीप सोनी गीतांजली, अध्यक्ष नवीन पांचाल, उपाध्यक्ष अनिल भाटी, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनी, सचिव हरिओम कटारिया, ओमप्रकाश पाटीदार, ऋतिक सोनी, डॉ. ओपी मालवीय, सुनील बुधवंत, प्रचारक सोनू शर्मा, संतोष राठौर, कमलेश माहेश्वरी, बद्री मेवाड़ा, चंद्रेश माथुर, योगेश शर्मा, मोहन कटारिया आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## भागवत कथा के छठे दिन रुक्मणी विवाह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विगत 20 वर्षों से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा महोत्सव अलीपुर जगदीश मंदिर से आनंद धाम बुधवारा स्तिथ मौसी के घर पहुचने का सिलसिला सतत जारी है। पंडित गजेंद्र शास्त्री धर्माधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी आनंद धाम बुधवारा पर भगवान जगन्नाथ जी रथयात्रा के साथ अपनी मौसी के घर आनन्द धाम पधारे हैं। भगवान के पधारने पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजित किया गया है । आज कथा के छठे दिन कथा व्यास पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने कथा के माध्यम से महारास लीला,रुक्मणी हरण,मथुरा गमन, कंस वध आदि कथाओं का विस्तार से वर्णन किया। आनन्द धाम पर भागवत जी 28 जून से 4 जुलाई तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक हो रही है। पंडित भवानी शंकर शर्मा ने सभी भागवत प्रेमियों,भक्तगणों से अपील की है कि आप सभी भक्तगण सापरिवार सादर आमंत्रित है। छठे दिन भागवत कथा में संतोष शर्मा (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त), जुगल किशोर मालवीय अध्यक्ष जगदीश मंदिर, जीतमल बागवान, जगदीश पाटीदार, पं. किशोर तिवारी,आनंद शर्मा, अनुराग शर्मा, दीपक सेन, क्षमा शर्मा, गोपाल ताम्रकार,प्रीति कमलेश ताम्रकार, सरकार परिवार, राधेश्याम नायक, राधा महेंद्र शर्मा उमेश ताम्रकार,रमा गजेंद्र शर्मा, शिव श्रीवादी, ज्ञान सिंह ठाकुर, पंडित भवानी शंकर शर्मा, शीला कन्हैया लाल शर्मा बृजेंद्र बाबू शर्मा उमा चंद्रशेखर शर्मा, मुन मुन, गोपाल सोनी, बृजमोहन सोनी, दीपेश गोतम, पं. किशोर तिवारी, रानू मृत्युंजय शर्मा इंदौर, चद्रेश ज्ञानेंद्र मुदगल, हेमराज कुशवाहा, सनातन देव शर्मा, मनीषा मेवाड़ा सहित महिला मंडल व भक्तगणों ने कथा का श्रवण किया।

### कृषि उपज मंडी के कृषक विश्रामगृह में हुई किसान संघ की मासिक बैठक

# बैठक में किसानों की कई समस्याओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




भारतीय किसान संघ आष्टा की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी के कृषक विश्रामगृह में आयोजित की गई। सर्वप्रथम तहसील अध्यक्ष द्वारा ध्वज लगाकर बैठक की विधिवत शुरुआत की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। वर्तमान में विभिन्न ग्रामों में सोयाबीन की बोनी खराब हो गई तथा आगामी दिनों में खरीफ की फसल में किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं उचित मूल्य पर खाद एवं दवाई की व्यवस्था हो। आदि विषयों पर चर्चा की गई। तथा हमारा आगामी 15 जुलाई का तहसील अभ्यास वर्ग करना है।

उसके बारे में उसकी तैयारी के बारे में चर्चा की गई जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव व्यक्त किये। तहसील अभ्यास वर्ग के सफल हो इस हेतु सभी कार्यकर्ताओं ने व्रत लिया। तत्पश्चात समस्याओं पर चर्चा करते हुए मंडी में किसानों को अनावश्यक विलंब का सामना करना पड़ रहा है। फ्लैट कांटे से तूलाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए और किसानों से उनकी कृषि उपज ना पलटाई जाए। इस प्रकार की विसंगतियां मंडी से संबंधित है। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष गजराज सिंह ठाकुर, तहसील अध्यक्ष जितेंद्र सिंह आर्य, युवा वाहिनी संयोजक सचिन पटेल, जिला कार्यकारिणी सदस्य मोतीलाल मंडलोई, ज्ञान सिंह मेवाडा, ईश्वरलाल आर्य, तहसील कार्यकारिणी सदस्य विनोद आर्य, मांगीलाल, रमेश चंद्र वर्मा, ज्ञान सिंह डाबड़ी, विजेंद्र सिंह ठाकुर, ग्राम इकाई अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, श्यामपुर टप्पा बलवान सिंह ठाकुर मोरू खेड़ी, राम सिंह वर्मा कोटरी आदि किसान कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मार्ग पर बार-बार लग रहे जाम को लेकर दुकानदारों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



बुधवार को तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले के नेतृत्व में राजस्व विभाग, पंचायत विभागव, पुलिस विभाग के अमले के साथ सुबह बस स्टैंड पहुंचे। जहां पर आए दिन हो रही आवगमन और रोड जाम की समस्या को लेकर तहसीलदार ने श्यामपुर बस स्टैंड पर रोड किनारे फल सब्जी व्यपारियों के साथ होटल व दुकानदारों को अपनी सीमा में रहने की समझाइश दी। ताकि आगे से इस प्रकार जाम की स्थिति ना बने। जिससे आवगमन में कोई रुकावट ना हो।

इसको लेकर श्यामपुर तहसीलदार ने सभी किराने की दुकान व होटल, फल-फ्रूट, सब्जी, रोड पर अंडे की खुले में दुकान के विक्रेताओं को समझाइए देते हुए बाहर रखे हुए सामान को अंदर रखने को कहा। दुकानों के आगे गंदगी देखते हुए तहसीलदार ने फटकार लगाते हुए कहां कि आप सभी दुकानदार डस्टबिन का उपयोग करें।

होटल वाले मिठाई वगैरह खुले में ना रखें, उन्हें ढक कर रखे। अन्यथा इस प्रकार से आगे से गंदगी व रोड के ऊपर दुकान लगाते हुए पाए जाने पर आपके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। चलाए गए इस अभियान में थाना प्रभारी संध्या मिश्रा, ग्राम पंचायत सरपंच नवीन चौहान, उप निरीक्षक अविनाश मौर्य, श्यामपुर पटवारी अनिल घरड़े, पंचायत सचिव मुकेश पाटीदार आदि स्टॉफ शामिल थे।